# लापरवाही बरतने पर कठोर कार्रवाई प्रारंभ

रतलाम ● सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 8, 9, 10, 11 व 12 में पदस्थ सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह की वेतन वृद्धि रोके जाने झोन प्रभारी विनय चौहान, वार्ड क्रमांक 8 व 9 की दरोगा मोनिका चौहान, वार्ड क्रमांक 11 के दरोगा तरुण राठौड़ की परीविक्षा अवधि 6 माह बढ़ाये जाने, वार्ड क्रमांक 12 के दरोगा अर्जुन गौसर का 1 दिवस का वेतन काटे जाने हेतु कारण बताओ

त्साह चरम पर • वैक्सीन खत्म होने के बाद भी खड़े रहे लोग, कोविन पोर्टल के ओटीपी सिस्टम से 1-2 घंटे की देरी

# टीका जागरण : वैक्सीन खत्म होने के डर से जुटे हजारों लोग, न्यू कलेक्टोरेट में विवाद भी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2-7-21

वैक्सीन को लेकर लोगों में अविश्वास बन रहा है। या यूं कहें कि उन्हें भरोसा नहीं है कि कल वैक्सीन मिलेगी या नहीं... इसी का नतीजा है कि वैक्सीन लगवाने के लिए केंद्रों पर भारी भीड़ है। गुरुवार को जिले के कुछ केंद्रों को छोड़ दें तो ज्यादातर केंद्रों पर धक्का-मुक्की की नौबत बनी। कहीं-कहीं विवाद भी हुए। न्यू कलेक्टोरेट में तो लगातार हो रहे विवाद और अव्यवस्था के चलते एडीएम जमुना भिड़े और एसडीएम अभिषेक गेहलोत को पहुंचना पड़ा।

पुराने कलेक्टोरेट में सिर्फ दिव्यांग, मोस्ट सीनियर सिटीजन या ऐसे लोग जो चल नहीं सकते, उनके लिए शिविर लगाया गया था। लेकिन कई 60 से 65 साल के उम्र के लोग भी इस केंद्र पर पहुंच गए। उनका कहना था कि हम सीनियर सिटीजन हैं। कर्मचारियों के समझाने पर विवाद की स्थिति भी बनी। न्यू कलेक्टोरेट में सरकारी कर्मचारी और उनके परिवार को वैक्सीन लगना थी लेकिन कई अन्य लोग भी यहां पहुंच गए; इसी के साथ कर्मचारी अपने रिश्तेदारों को भी वैक्सीन लगवाने ले आए। मामला बढ़ता देख एडीएम जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गेहलोत भी केंद्र पर आए और लोगों को समझाया।

**पहला डोज लगवाने वालों में 20% ग्रामीण, सेकंड डोज में 40% तक** - वैक्सीन खत्म होने के डर के चलते अब ग्रामीण क्षेत्र से शहर में लोग आने लगे हैं। आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ग्रामीण आ रहे हैं। शहर प्रभारी लोकेश वैष्णव ने बताया पहला डोज लगवाने वालों में 20% तक ग्रामीण हैं। वहीं, सेकंड डोज लगवाने वालों में 30 से 40% तक ग्रामीणों की संख्या आ रही है।

**आज वैक्सीनेशन नहीं** : शुक्रवार को वैक्सीनेशन नहीं किया जाएगा। 3 जुलाई को कोवैक्सीन व कोवीशिल्ड वैक्सीन का दूसरा डोज लगेगा।

## एडीएम और एसडीएम समझाने आए, पुराने कलेक्टोरेट में सीनियर सिटीजन अड़े

- सभी केंद्रों पर 100% से ज्यादा टीकाकरण, 37211 लोगों को लगे टीके, वेस्टेज डोज का भी उपयोग
- गुरुवार को जिले के सभी ब्लॉक में 100% से ज्यादा टीकाकरण हुआ है।
- रतलाम शहर में 12735 लोगों को वैक्सीन लगी।
- जिले में 21 जून से अब तक 1,26,599 लोगों को वैक्सीन लग चुकी है, जो लक्ष्य का 97.38% है।
- गुरुवार को 37211 लोगों को टीके लगे, वेस्टेज डोज का भी उपयोग किया। 35 हजार के करीब वैक्सीन थी।
- सबसे कम वैक्सीन बाजना ब्लॉक में लगी, यहां 1868 को ही टीके लगे, लक्ष्य 1800 था।



सागोद रोड स्थित काश्यप सभागृह में वैक्सीनेशन केंद्र में इस तरह महिलाओं और पुरुषों की भीड़ उमड़ी।

### जावरा के खाचरौद मंडी केंद्र पर 300 डोज पहुंचे, 500 से ज्यादा लोगों की पहुंच गई भीड़



जावरा | पखवाड़ेभर में शहर में 11361 लोगों को ही टीके लगे और गुरुवार को 7927 लोगों को टीके लगे। अब भी सवा लाख लोगों को वैक्सीन लगना बाकी है। भीड़ कम करने के लिए विभाग ने सेंटर बढ़ाए थे लेकिन वो भी नाकाफी रहे। मंडी में तो मानो ऐसी भीड़ लगी जैसे अब वैक्सीन आएगी ही नहीं। यहां 300 लोगों को टीका लगाया गया। जबकि 500 से ज्यादा लोग कतार में लगे रहे।

**ओटीपी सिस्टम से परेशानी**

इधर, कोविन पोर्टल ने दिनभर परेशान किया। पोर्टल को अपडेट किया गया है, इससे अब ओटीपी सिस्टम हो रहा है। यानी जो नंबर दर्ज किया जा रहा है, उसपर ओटीपी भी आ रहा है। इधर केंद्र पर आने वाले लोग कोई मोबाइल लाता है और नहीं, ऐसे में नए सिस्टम से बहुत परेशानी हुई। कई स्थानों पर वैक्सीनेशन शुरू होने में ही 1 से 2 घंटे लग गए, इस दौरान 15 से 20 लोगों को ही टीके लगे।

### 10 तक निजी अस्पताल में स्पूतनिक भी लगेगी

इधर, अब जिले में स्पूतनिक वैक्सीन भी आने वाली है। यह वैक्सीन कॉलेज रोड स्थित आरोग्यम हॉस्पिटल में आएगी। यह पहला मौका होगा, जब जिले में स्पूतनिक वैक्सीन लगाई जाएगी। अभी तक कोविशील्ड और को-वैक्सीन ही लग रही है। यह वैक्सीन सशुल्क रहेगी। आरोग्यम हॉस्पिटल के संचालक राजेश मूणत ने बताया कि 1145 रुपए का एक डोज रहेगा। इस वैक्सीन के दो डोज लगाए जाते हैं। 21 दिन के अंतराल में दो डोज लगेंगे।

### अब पिपलौदा में भी 100% वैक्सीनेशन

जिले के पिपलौदा में शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को टीका लगाया जा चुका है। एसडीएम राहुल धोटे ने बताया मतदाता सूची के अनुसार 1 जुलाई तक पात्र 5783 लोगों को पहला डोज लगचुका है।

### लायंस हॉल, काश्यप सभागृह में लंबी कतार

डीआरएम ऑफिस, लायंस हॉल, काश्यप सभागृह में लंबी कतार लगती रही। यहां कई बार विवाद हुए, तो वहीं धक्का-मुक्की दिनभर होती रही। कालिकामाता में बने केंद्र में सुबह 7 बजे से ही लोग पहुंच गए थे।

2-7-2021

**वैक्सीनेशन के दौरान टूट रहे नियम-कायदे : जिम्मेदार भी बन रहे अनजान, टीकाकरण केंद्रों पर बन रहे हंगामे के हालात**

# जिंदगी बचाने के लिए उसे ही लगा रहे दांव पर

पत्रिका डेटा डिकोडेड

2-7-21


रतलाम. टीकाकरण अभियान के दौरान गुरुवार को जिले भर में 135 केंद्रों पर टीकाकरण किया गया। अभियान के तहत इस दिन 37000 लोगों को टीके लगाए जाने थे। टीकाकरण के लिए लोग सुबह 6 बजे से ही केंद्रों के बाहर कतार लगाकर बैठ गए थे। जितने टीके नहीं आए थे, उससे दोगुने से अधिक लोग केंद्रों पर कतार लगाकर खड़े थे। टीका लगवाने के लिए कुछ केंद्रों पर धक्का-मुक्की और हंगामे की नौबत आ गई थी जिसके चलते अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभाला।

टीकाकरण के लिए शहर के पुराने कलेक्टर कार्यालय स्थित केंद्र को सिर्फ वृद्धजन और दिव्यांगों के लिए आरक्षित किया गया था लेकिन यहां भी सामान्य लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ नजर आई जिसके चलते जिन लोगों के लिए यह केंद्र बनाया गया था, उन्हीं में से कुछ लोग टीका लगवाने से वंचित रह गए। यहां पर धक्का-मुक्की और हंगामे की स्थिति बन गई थी जिसकी सूचना पर शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत मौके पर पहुंचे और हालात को संभाला।



टीकाकरण को लेकर आई जागरूकता के चलते गुरुवार को नए कलेक्टर कार्यालय के केंद्र पर लगी कतार।

## अव्यवस्था के बीच हंगामा




कालिका माता परिसर स्थित केंद्र पर लगी कतार।



रेलवे क्षेत्र में बनाए केंद्र पर धक्का-मुक्की के बीच समझाता पुलिसकर्मी।

## कलेक्टर कार्यालय में भीड़

शहर के नए कलेक्टर कार्यालय स्थित टीकाकरण केंद्र पर सिर्फ कर्मचारियों का टीकाकरण किया जाना था लेकिन यहां भी अन्य लोग टीका लगवाने के लिए पहुंच गए जिसके चलते भीड़ बेकाबू हो गई। टीकाकरण के लिए बनाए गए केंद्रों पर कई जगह सोशल डिस्टेंसिंग का पालन होता नजर नहीं आया और लोग एक दूसरे को कतार से हटाने में जुटे नजर आए। शहर के कई केंद्र ऐसे थे जहां पर शहर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों से लोग टीका लगवाने के लिए पहुंचे थे।



## टीकाकरण पर एक नजर

| विकासखंड | लक्ष्य | लक्ष्य प्राप्ति |
|---|---|---|
| बाजना | 1800 | 1868 |
| सैलाना | 2200 | 2206 |
| आलोट | 5000 | 5494 |
| जावरा | 7000 | 7927 |
| पिपलौदा | 2500 | 2635 |
| रतलाम ग्रामीण | 4000 | 4346 |
| रतलाम शहर | 12000 | 12735 |
| **कुल** | **35000** | **37211** |

पत्रिका।
2-7-2021

# मुख्यमंत्री बोले- दो मरीज भी बढ़ते हैं तो सताने लगती है तीसरी लहर की चिंता

## डॉक्टर्स डे पर मिंटो हॉल में हुआ 11 निजी व सरकारी चिकित्सकों का सम्मान

2-7-21

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना अभी गया नहीं है। हर दिन 35 से 40 मरीज मिल रहे हैं। दो मरीज भी नए बढ़ते हैं तो तीसरी लहर की चिंता सताने लगती है। मरीज भले ही कम हो गए हैं, लेकिन सतर्कता छोड़ी तो पिछली बार की तरह आंकड़ा बढ़ने में देर नहीं लगेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को राजधानी के मिंटो हाल में डॉक्टर्स डे पर आयोजित चिकित्सक सम्मान समारोह के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने निजी और सरकारी 11 चिकित्सकों को सम्मानित किया। इस दौरान वहां मौजूद सभी लोगों ने कोरोना संक्रमण से जान गंवाने वाले 63 चिकित्सकों को श्रद्धांजलि भी दी।



डॉक्टर्स-डे पर राजधानी के मिंटो हाल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. एनपी मिश्रा को सम्मानित करते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान। मंच पर मौजूद है- चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग (बायें), स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी (दायें) व अन्य। ● नईदुनिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई देशों में पांचवी लहर भी आ गई है। ऐसे में हमें सुकून से नहीं बैठना चाहिए। सुरक्षित शारीरिक दूरी रखें यही कोरोना से बचाव का मंत्र है। उन्होंने कहा कि कोरोना का इलाज करते हुए कई डॉक्टर हमारे बीच से हमेशा के लिए चले गए। चिकित्सक ही नहीं पैरामेडिकल स्टाफ भी मरीजों की सेवा में दिन रात एक कर रहा है। ऐसे लोगों को सलाम है। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह दिन नहीं भूलता जब रात रात भर आक्सीजन टैंकर के लिए जागना पड़ता था। कोरोना छिपा हुआ दुश्मन है। वह किस तरह से वार करेगा यह किसी को पता नहीं है। ऐसे में सतर्कता से ही हम सभी का बचाव होगा। इस मौके पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भी डॉक्टरों के सेवा भाव की जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में छह नए मेडिकल कॉलेज और शुरू होने वाले हैं। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भी मौजूद थे।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि डॉक्टर्स का सेवा-भाव, मानवता के प्रति लगन हमें उनके प्रति कृतज्ञ बनाती है। वे बोले आपने इस संकट में हर चुनौती को स्वीकार किया। इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार आपकी आभारी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा एक डॉक्टर को स्वास्थ्य विभाग का मंत्री बनाना डॉक्टरों का सम्मान है।

### इन चिकित्सकों को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान डॉ. एनपी मिश्रा, डॉ. एपएस त्रिवेदी, डॉ. निर्भय श्रीवास्तव, डॉ. संजय दीक्षित, डॉ. अनूप निगम, डॉ. योगेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. डीके सतपथी, डॉ. ललित श्रीवास्तव आदि का सम्मान किया।

नई दुनिया
2-7-2021

# निष्ठा, ईमानदारी व संघर्ष का पर्याय है जिले के प्रभारी मंत्री भदौरिया

रतलाम ● स्वदेश समाचार 2-7-21

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने एक लम्बे अरसे बाद जिलों में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति कर उन्हें जिलों का प्रभार दिया गया है। इसी क्रम में रतलाम जिले के लिए मेहगांव विधानसभा क्षेत्र जिला भिंड के संघर्षशील और सेवाभावी ओमप्रकाशसिंह भदौरिया (ओपीएस भदौरिया) को प्रभारी मंत्री बनाया है।

नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे श्री भदौरिया सिंधिया खेमे से मंत्री बने हैं। उन्हीं के साथ उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली थी। इसके पूर्व वह एनएसयूआई के विभिन्न पदों पर रहे। स्व. माधवराव सिंधिया के विश्वसनीय कार्यकर्ता रहे, तत्पश्चात उनके पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रमुख सहयोगी के रुप में चंबल संभाग में जाने जाते हैं।



वरिष्ठ पत्रकार प्रहलादसिंह भदौरिया भिंड के अनुसार ओपीएस भदौरिया का जन्म 21 अगस्त 1969 को भिंड जिले के ग्राम अकलोनी में हरगोविंदसिंह पटेल के घर में हुआ, तत्पश्चात भिंड और ग्वालियर में शिक्षा प्राप्त करने के बाद इनका चयन पुलिस निरीक्षक के लिखित परीक्षा में हो गया था, लेकिन उन्होंने अपने वरिष्ठ साथियों की सलाह मान राजनीति में प्रवेश किया ताकि वे जनता की अधिक सेवा कर सके। विज्ञान एवं विधि विषयों में स्नातक श्री भदौरिया ने आजीवन अविवाहित रहकर समाजसेवा का संकल्प लिया। सरल स्वभाव में सबको साथ लेकर चलने के कारण आज वे कम समय में अधिक लोकप्रिय हो गए हैं। मेहगांव क्षेत्र को पहली बार मंत्री पद देने वाले जनसेवक श्री भदौरिया के नाम आजादी के बाद हुए चुनावों में सबसे अधिक 62 हजार वोट हासिल करने का रिकार्ड भी इनके नाम हैं। मात्र डेढ़ साल के दौरान 500 से अधिक कैंसर रोगियों को वे आर्थिक सहायता उपलब्ध करवा चुके हैं तथा मनोयोग से जनता के कार्य करने में वे रुचि लेते हैं। यही कारण है कि आज उनके हजारों समर्थक है, कोई विरोधी नहीं। धरातल के राजनेता है, जो जमीन हकीकत को समझते हैं।

शिवराजसिंह चौहान के मंत्री मंडल में उन्हें राज्यमंत्री के रुप में जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वह न्यायपूर्वक निर्वाह कर रहे है और अपने विभाग के माध्यम से प्रदेश की सेवा में जुटे हैं। रतलाम जिले का प्रभारी मंत्री बनने पर निश्चित ही वह सभी कार्यकर्ताओं और जनता जनार्दन की भावना के अनुरुप कार्य करने में सफल रहेंगे।

2-7-2021



# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 जुलाई को

प्रजातंत्र न्यूज़ • रतलाम

2-7-21

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन देश/प्रदेश के साथ ही जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में किया जावेगा।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जि.वि.से.प्रा. श्री उमेश कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 1 जुलाई को समस्त बैंक प्रबंधक, क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक एवं नगर निगम के अधिकारीगणों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैंकों की अधिक से अधिक रिकवरी एवं नगर पालिक निगम रतलाम के जलकर तथा संपत्तिकर के प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित कर सूचना पत्र जारी कराने एवं निराकरण के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में नगर निगम अधिकारी द्वारा शहर में लोक अदालत हेतु आवश्यक प्रचार-प्रसार कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में नगर पालिक रतलाम की सहायक आयुक्त सुश्री ज्योति सुनारिया, सहायक कार्यकारी अभियंता श्री आचार्य, जितेन्द्र उपाध्याय, देवेन्द्र पुरोहित, बैंकर्स अधिकारी राकेश गर्ग, आर.एस. इन्दोरिया, अमित गुप्ता, दिलीप चक्रवर्ती, एस.एस. राठोर, विजय दीप आहूजा, जयप्रकाश राठोर आदि उपस्थित रहे।

प्रजातंत्र
2-7-2021



# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 जुलाई को

इन्दौर मेल 2-7-21

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन देश/प्रदेश के साथ ही जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जि.वि.से.प्रा. श्री उमेश कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 1 जुलाई को समस्त बैंक प्रबंधक, क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक एवं नगर निगम के अधिकारीगणों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैंकों की अधिक से अधिक रिकवरी एवं नगर पालिक निगम रतलाम के जलकर तथा संपत्तिकर के प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित कर सूचना पत्र जारी कराने एवं निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम अधिकारी द्वारा शहर में लोक अदालत हेतु आवश्यक प्रचार-प्रसार कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में नगर पालिक रतलाम की सहायक आयुक्त सुश्री ज्योति सुनारिया, सहायक कार्यकारी अभियंता श्री आचार्य, जितेन्द्र उपाध्याय, देवेन्द्र पुरोहित, बैंकर्स अधिकारी राकेश गर्ग, आर.एस. इन्दोरिया, अमित गुप्ता, दिलीप चक्रवर्ती, एस.एस. राठोर, विजय दीप आहूजा, जयप्रकाश राठोर आदि उपस्थित रहे।

## डेंगू का मरीज मिलने पर सफाई के साथ कराया कीटनाशक दवा का छिड़काव



प्रसारण न्यूज़ * रतलाम 2-7-21

पीएण्डटी कालोनी क्षेत्र में डेंगू का मरीज मिलने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार मरीज के घर के आसपास साफ- सफाई करवाई जाकर कीटनाशक दवा का भी छिड़काव करवाया गया।

निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने मरीज के घर के आसपास साफ- सफाई करवाई इसके अलावा कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाकर मरीज के परिजनों को समझाईश दी कि वे पानी को एकत्रित कर उसे खुला ना छोड़े क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है।

रतलाम नगर के नागरिक डेंगू से ग्रसित ना हो इस हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने नागरिकों से अपील की है कि वे छत एवं घर के आसपास अनुपयोगी सामग्री में पानी न जमा होने दें, सप्ताह में एक बार अपने कूलर, बाल्टी, टब, टंकी आदि का पानी खाली कर इन्हे सुखा देवें, पानी के बर्तनों, टंकी आदि को ढंककर रखें, घर के आसपास के गड्डो में पानी जमा ना होने दें, मच्छरदानी का उपयोग करें।

2-7-2021

## सफाई करवा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2-7-21

डेंगू का मरीज मिलने के बाद बुधवार को नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने पीएंडटी कॉलोनी में सफाई अभियान चलाया। आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने मरीज के घर सहित आसपास के क्षेत्र में सफाई करवाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया। साथ ही मरीज के परिवार वालों को समझाया कि आसपास पानी एकत्र न होने दें।

2-7-2021

## पीएण्डटी कॉलोनी क्षेत्र में मिला डेंगू का मरीज



2-7-21

रतलाम @ पत्रिका. शहर के पीएण्डटी कालोनी क्षेत्र में डेंगू का मरीज मिला है। इसके बाद ताबड़तोड़ नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग का दल क्षेत्र में पहुंचा व दवा का छिड़काव करवाया है। मरीज मिलने की सूचना निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के पास आई थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एपीसिंह दलबल के साथ पहुंचे व क्षेत्र में दवा का छिड़काव करवाया गया।

स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने बताया मरीज के घर के आसपास साफ-सफाई करवाई गई है। इसके अलावा कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाकर मरीज के परिजनों को समझाईश दी गई है कि वे पानी को एकत्रित कर उसे खुला ना छोड़े क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। जब जांच की गई तो पाया गया था कि जहां मरीज मिला वहां पर पानी का स्टोर किया हुआ था। कई दिन से जारी इस स्टोर के चलते ही संभवत डेंगू पनपा होगा।

2-7-2021

## डेंगू का मरीज मिलने पर कीटनाशक दवा का छिड़काव

रतलाम। पीएण्डटी कालोनी क्षेत्र में डेंगू का मरीज मिलने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार मरीज के घर के आसपास साफ-सफाई करवाई जाकर कीटनाशक दवा का भी छिड़काव करवाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने मरीज के घर के आसपास साफ-सफाई करवाई इसके अलावा कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाकर मरीज के परिजनों को समझाईश दी। 2-7-21

2-7-2021

## डेंगू का मरीज मिलने पर सफाई के साथ कराया कीटनाशक दवा का छिड़काव



रतलाम। पीएण्डटी कालोनी क्षेत्र में डेंगू का मरीज मिलने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार मरीज के घर के आसपास साफ-सफाई करवाई जाकर कीटनाशक दवा का भी छिड़काव करवाया गया। निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने मरीज के घर के आसपास साफ-सफाई करवाई इसके अलावा कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाकर मरीज के परिजनों को समझाईश दी कि वे पानी को एकत्रित कर उसे खुला ना छोड़े क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। रतलाम नगर के नागरिक डेंगू से ग्रसित ना हो इस हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने नागरिकों से अपील की है कि वे छत एवं घर के

# बगैर मास्क के 21 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम।** कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 30 जून को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर कन्हैया रेस्टोरेंट, चेतन, राकेश, संजय तोपखाना, जय गुरु गुर्जर चांदनी चौक पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 21 ऐसे व्यक्ति जो बगैर मास्क के पाये गये उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क अनिवार्य रूप से लगाये जाने की समझाईश स्पॉट फाईन दल द्वारा दी गई। 2-7-21

2-7-2021

**रतलाम में** एक नया संक्रमित मिला

# देश में कोरोना से मौतों का आंकड़ा 4 लाख के पार

**नई दिल्ली/रतलाम|** देश में कोरोना से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या गुरुवार को चार लाख पार हो गई। इनमें ढाई लाख मौतें संक्रमण की दूसरी लहर, यानी मार्च के बाद हुई हैं। गुरुवार को देश में 814 लोगों की जान गई। इनमें 252 महाराष्ट्र और 124 केरल के थे। चिंता की बात यह है कि इन दोनों ही राज्यों में रोज मिलने वाले मरीजों की संख्या एक महीने से घट नहीं रही है। इधर, रतलाम में लंबे समय से नए संक्रमितों का आंकड़ा इकाई में चल रहा है। गुरुवार को जिले में 1 नया मरीज मिला। राहत की बात यह है कि नई मौत एक भी नहीं हुई। कुल मौतें 311 हैं। 2-7-21

2-7-2021


## बगैर मास्क के 21 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 30 जून को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर कन्हैया रैस्टोरेंट, चेतन, राकेश, संजय तोपखाना, जय गुरू गुर्जर चांदनी चौक पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 21 ऐसे व्यक्ति जो बगैर मास्क के पाये गये उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क अनिवार्य रूप से लगाये जाने की समझाईश स्पॉट फाईन दल द्वारा दी गई।


2-7-2021

# निगम आयुक्त द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही प्रारंभ

**रतलाम।** नगर की सफाई व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रातः वार्ड क्रमांक 8, 9, 10 व 11, विरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन व जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास के साथ कर सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 8, 9, 10, 11 व 12 में पदस्थ सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह की वेतन वृद्धि रोके जाने झोन प्रभारी विनय चौहान, वार्ड क्रमांक 8 व 9 की दरोगा मोनिका चौहान, वार्ड क्रमांक 11 के दरोगा श्री तरुण राठौड़ की परीविक्षा अवधि 6 माह बढ़ाये जाने, वार्ड क्रमांक 12 के दरोगा अर्जुन गौसर का 1 दिवस का वेतन काटे जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 10 का हाजरी रजिस्टर चेक करने पर 1 कर्मचारी को बिना आवेदन अवकाश देने पर वार्ड दरोगा राजू कल्याणे व संबंधित कर्मचारी का एक-एक दिवस का वेतन काटे जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये।

विरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि किसी भी कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा नहीं आये इसकी सुनिश्चित्ता की जाये साथ ही एक काम्पेटर में गीला व एक काम्पेटर में सुखा कचरा डाले जाने के निर्देश दिये इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड का भी निरीक्षण किया गया।

इन्दौर समाचार
2-7-2021

(8)

## 22 बच्चों ने कोरोनाकाल में माता-पिता को खोया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना काल में माता-पिता दोनों को खोने वाले 22 बच्चों की पहचान की गई है। इनमें से नौ बच्चों की पहचान पहले चरण में हो गई थी, जिन्हें हर महीने पांच हजार रुपये की मासिक पेंशन सरकार देने लगी है। इनके अलावा दूसरे चरण में 13 बच्चों की पहचान हुई, जिन्हें पांच हजार रुपये पेंशन देने की प्रक्रिया चल रही है। 150 से अधिक ऐसे बच्चे मिले हैं, जिनके माता-पिता में किसी एक की मृत्यु हुई है। इन्हें भी महिला बाल विकास विभाग की योजना से दो हजार रुपये की मासिक आर्थिक मदद दी जाएगी।कोरोना से स्वजनों को खो देने वाले बच्चों की पहचान करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला बाल विकास विभाग का अमला सभी विकास खंडों में सर्वे कर ऐसे बच्चों को चिन्हित कर रहा। जिनके माता-पिता की कोरोना काल में मृत्यु हुई है और अब इनकी देखरेख करने वाला परिवार में कोई जिम्मेदार व्यक्ति या कमाने वाला नहीं है। ऐसे बच्चों को सरकारी स्तर पर आर्थिक सहायता देने के साथ ही निशुल्क शिक्षा का प्रबंध किया जाएगा। इन्हें पात्र न होने के बाद भी मुफ्त सरकारी राशन दिया जाएगा। कक्षा एक से बारहवीं तक की पढ़ाई का इंतजाम सरकार करेगी और 21 साल तक पेंशन भी देगी।

## दिव्यांगों का होगा शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन

रतलाम। मध्य प्रदेश विकलांग मंच द्वारा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के साथ दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस पर कलेक्टर ने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त किया। ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांगों का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए कलेक्टर ने रूपरेखा बनाने के लिए कहा।

जिलाध्यक्ष राजेश परमार, किरण पाटीदार, ईश्वरलाल वर्मा, नियाज मोहम्मद मंसूरी, भेरूलाल विश्वकर्मा, लोकेश वाघमारे, नितिन पाटीदार आदि उपस्थित थे।

नई दुनिया 2-7-2021

# आधार केंद्र : कहीं वेटिंग तो कहीं 28 आवेदन ही ले रहे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2-7-21

स्कूलों में एडमिशन चल रहे हैं। ऐसे में बच्चों को आधार अपडेट कराना है लेकिन शहर के आधार केंद्रों के हाल-बेहाल हैं। हालत यह है कि कहीं वेटिंग चल रही है तो कहीं लिमिट में बन रहे हैं। नतीजतन अभिभावकों की परेशानी कम नहीं हो रही है और वे आधार अपडेशन के लिए एक केंद्र से दूसरे केंद्र भटक रहे हैं। बावजूद उनका आधार नहीं बन रहा है। गुरुवार को जो लोग भी आधार केंद्र पहुंचे उन्हें परेशान होना पड़ा और बगैर अपडेशन के घर लौटना पड़ा।



तहसील कार्यालय के केंद्र जहां गुरुवार को 28 के ही आवेदन लिए हैं।

### किस आधार केंद्र की क्या स्थिति :

**1.** 28 आवेदन लिए: तहसील कार्यालय के आधार केंद्र पर आधार बन रहे हैं। गुरुवार सुबह 11 बजे लोग पहुंचे तो बोले आज 28 आधार ही बनेंगे। इसके लिए हमने आवेदन ले लिए हैं। अब आपको आधार बनवाना है तो कल आना। अंबोदिया के प्रभुलाल ने बताया अब इतनी दूर से आना पड़ेगा।

**2.** अभी नहीं बन रहे हैं, 9 तारीख को आना बना देंगे- कालिकामाता मंदिर के पास स्थित आधार केंद्र पर जवाब मिला भीड़ बढ़ जाएगी को हमारे ऊपर कार्रवाई हो जाएगी। बिलपांक के राजू मईड़ा ने बताया कि दो से तीन आधार केंद्र घूमे लेकिन कहीं भी आधार अपडेशन का काम नहीं हो रहा है।

**3.** दोपहर 1 बजे लंच के लिए बंद कर दिया आधार केंद्र- सैलाना बस स्टैंड स्थित मुख्य डाकघर में लंच के चलते दोपहर 1 बजे ही दफ्तर बंद कर दिया। जब लोग यहां पहुंचे तो जवाब मिला अभी लंच है। आज आधार नहीं बनेंगे। सुबह 10 बजे आना टोकन देंगे। इससे आधार बन जाएगा।

दै. भास्कर
2-7-2021

**कमजोर पड़ा मानसून** • जावरा में 265 मिमी तो बाजना में 56 और ताल में 95 मिमी ही बरसात अब तक हुई

# सामान्य बारिश से पिछड़ा जून, जुलाई की शुरुआत भी कमजोर, अब तक 57 फीसदी बोवनी ही हुई

## जून में नमी से कहीं रोज बूंदाबांदी हुई तो कहीं 10 दिन से बारिश नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2-7-21

जून महीने का बारिश का कोटा पूरा हो गया है, लेकिन अब जुलाई में कितनी बारिश होगी इस बात की चिंता सताने लगी है। कारण है कि बारिश की खेंच शुरू हो चुकी है। इधर अब इस खेंच से किसान भी चिंतित हैं क्योंकि बोवनी हो चुकी है ऐसे में बारिश की जरूरत है। इधर हमारे शहर के ट्रेंड के मुताबिक तीन से चार सिस्टम आते हैं यदि दो सिस्टम भी मजबूत रहे और ट्रफ लाइन का सपोर्ट मिला, तो इस महीने बेहतर बारिश की उम्मीद कर सकते हैं। जिले में 57% बोवनी ही हुई है।

जिले में अब तक 135.2 मिमी बारिश हुई है। जून का कोटा पूरा हो गया था, लेकिन जुलाई का महीना लगते ही हम सामान्य बारिश से भी पिछड़ गए हैं। जिले की सामान्य बारिश अब 191.5 मिमी है, इससे हम 56.3 मिमी पीछे है। अभी जिले को एकसार बारिश की भी जरूरत है। अभी जिले के जावरा में 265 मिमी बारिश हो गई है तो वहीं बाजना में 56 मिमी तो ताल में 95 मिमी ही बारिश हुई है। जुलाई अंत तक 300 मिमी से ज्यादा बारिश हो जाती है। पिछले साल जुलाई तक 393 मिमी कुल बारिश हुई थी, वहीं 2019 में 582.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। जो प्रदेश में सबसे ज्यादा थी।

## जुलाई-2019 में सिस्टम के साथ ट्रफ लाइन का सपोर्ट मिला था तो प्रदेश में नंबर-1 थे

### जुलाई की बारिश... इन तीन बातों पर रहेगी निर्भर

**1. सिस्टम :** इस महीने 4 सिस्टम आने के आसार हैं। यदि दो मजबूत सिस्टम भी मिलते हैं तो अच्छी बारिश होगी। 2019 में दक्षिणी-पश्चिमी क्षेत्र के सिस्टम जोन में रतलाम था। नतीजा ये रहा कि जुलाई में ही आधी से ज्यादा कुल बारिश का कोटा पूरा हो गया था। 2020 में 20 जुलाई तक दो सिस्टम आए, लेकिन सही दिशा नहीं होने से तेज बारिश नहीं हुई थी।

**2. ट्रफ लाइन :** लगातार बारिश के लिए ट्रफ लाइन बहुत मायने रखती है। 2020 में ट्रफ लाइन का सपोर्ट नहीं मिल सका था। वहीं, 2019 में ट्रफ लाइन ने खूब सपोर्ट किया था, नतीजा 69 इंच कुल बारिश थी।


**3. लोकल :** सिस्टम नहीं होने से नमी से बारिश होती रहती है। लेकिन ये बारिश एकसार नहीं होती। अभी भी जिले में ऐसी स्थिति बन रही है। 2019 में गुजरात के चक्रवात की नमी के कारण अच्छी बारिश हुई थी, वहीं 2020 जुलाई में भी नमी की बारिश ज्यादा थी।

### हमारे जिले में ऐसी है फसलों की स्थिति

| 3.17 लाख हेक्टेयर | 3.15 लाख हेक्टेयर में |
|---|---|
| इस साल प्रस्तावित | पिछले साल बोवनी हुई थी |
| बोवनी शुरू हुई थी- 15 जून से | अब तक बोवनी हुई- 1.80 लाख हेक्टेयर |

**बारिश नहीं होने से धोलावड़ डैम में कम हुआ जलस्तर, अब 383.95 मीटर -** इधर, तेज बारिश नहीं होने से धोलावड़ डेम का जलस्तर बढ़ने के बाद दोबारा कम होने लगा है। 1 जुलाई को जलस्तर 383.95 मीटर था, जोकि 23 जून को 384.15 मीटर पर पहुंच गया था। वहीं, 2020 में धोलावड़ डेम का जलस्तर 384.60 मीटर रहा था।

### पांच साल से ऐसा है धोलावड़ का जलस्तर




### जून में 3 साल की सबसे कम वर्षा

| साल | बारिश |
|---|---|
| 2021 | 135.2 |
| 2020 | 211.1 |
| 2019 | 173.8 |
| 2018 | 95.25 |
| 2017 | 127.0 |

*डोरे चलाएं- पर्याप्त बारिश होने पर ही बोवनी करें। जिन किसानों की फसल डोरा चलाने जैसी हो गई वे डोरा चला सकते हैं। नमी संरक्षित करने के लिए डोरा चलाना जरूरी है। ऐसे में फसल कुछ दिन और बच सकती है।* **- जीएस मोहनिया,** *उपसंचालक, कृषि विभाग*

*हल्की बारिश के आसार- स्ट्रांग सिस्टम के लिए इंतजार करना होगा। तीन-चार दिन हल्की बारिश के आसार हैं, आगामी दिनों में बारिश सिस्टम पर निर्भर करेगी। जुलाई महीने में कब कितनी बारिश होगी, यह कुछ दिन बाद बता सकेंगे। - पी के साहा, मौसम वैज्ञानिक, भोपाल*

### बारिश की खेंच का असर... फसलों की ग्रोथ नहीं हो रही

**सैलाना** | 90 फीसदी बोवनी हो गई है। लेकिन बारिश की खेंच के कारण फसल अंकुरित नहीं हो पा रही है। अभी भी बारिश के आसार नहीं हैं। ऐसे में यहां भी फसलों पर असर हो रहा है। किसान रोहित पाटीदार ने बताया पानी की खेंच से फसलें अंकुरित नहीं हुई हैं। तीन-चार दिनों में बारिश नहीं होती है तो किसानों को दोबारा बोवनी करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। किसान दीपक पाटीदार ने बताया कि बोवनी किए 10 दिन हो गए हैं। खेतों में नमी नहीं होने के कारण फसल की ग्रोथ नहीं बढ़ पा रही है।

**नामली** | एक सप्ताह से बारिश नहीं हुई है। इससे किसान चिंतित होने लगे हैं और फसलें प्रभावित होना शुरू हो गई हैं। ग्राम भारोड़ा के किसान कृष्णदास बैरागी ने बताया बारिश नहीं होने से बीज सड़न की स्थिति में आ गए हैं। भारोड़ा के जुझारसिंह राठौड़ ने बताया 40 बीघा में बीज खराब होने की वजह से दोबारा बोवनी करनी पड़ रही है।

**आंबा** | आंबा में बारिश की खेंच के कारण बीज अंकुरित नहीं होने के कारण किसानों को दोबारा बोवनी करना पड़ रही है। किसान विनोद पाटीदार ने बताया कि 4 बीघा में बोवनी की थी लेकिन बारिश के कारण बीज अंकुरित नहीं हुए। किसान धर्मेंद्र, नरेंद्र ईश्वरलाल ने बताया की पानी की लंबी खेंच के कारण डबल बोवनी करना पड़ रही है।

डॉ० भारद्वाज
2-7-2021

# कोविड अनुकूल व्यवहार स्वयं भी करें व ग्राहकों से भी करवाए

## व्यापारिक प्रतिष्ठान व दुकानदारों की निगम आयुक्त झारिया ने ली बैठक

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

2-7-21



मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कोविड अनुकूल व्यवहार को प्रोत्साहित किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने व्यापारिक संघों, प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा दुकानदारों की बैठक निगम सभागृह में लेकर आव्हान किया कि कोविड अनुकूल व्यवहार स्वयं भी करें व ग्राहकों को भी करायें।

आयोजित बैठक में बताया कि कोविड-19 की दूसरी लहर के पश्चात् विगत दिनों में कोविड-19 के प्रकरणों के प्रकरणों में कमी आई है। इसके परिप्रेक्ष्य में नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से कोरोना कर्फ्यू हटाने की कार्यवाही की जा रही है। कोविड-19 का प्रकोप पुनः महामारी के रूप में ना फैलें इसके लिये सभी नागरिकों से कोविड अनुकूल व्यवहार अपेक्षित है।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि रतलाम नगर में सभी की भागीदारी से कोरोना कन्ट्रोल में है, कोविड-19 का प्रकोप पुनः महामारी के रूप में ना फैलें इस हेतु सभी व्यापारिक संघ, व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा दुकानदार कोविड अनुकूल व्यवहार स्वयं भी करें व ग्राहकों को भी करायें।

उन्होंने आव्हान किया कि दुकानों में प्रवेश के लिए ग्राहकों की सीमित संख्या रखें, बिना मास्क के प्रवेश वर्जित करें, कूपन सिस्टम लागू करें, सोशयल डिस्टेंसिंग का पालन करें, भोजन, नाश्ता, दूध, मिठाई आदि की होम डिलीवरी करें। सघन बाजारों में सीमित संख्या में प्रवेश का पर्यवेक्षण व्यापारिक संघो द्वारा स्वयं किया जाये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि कोविड अनुकूल व्यवहार करने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानदारों को पुरूस्कृत किया जायेगा व कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जायेगी।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निगम सचिव जसवंत जोशी, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, दुकानदार व व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिक कमल कथरिया, सुरेन्द्र चत्तर, राजेश पटवा, जितेन्द्र देवानी, मोहनलाल मुरलीवाला, संजय पारख भगवानदास आदि उपस्थित थे।

2/7/2021

2-7-2021

# सुबह पांच बजे से ही लगी कतार, 37 हजार 211 को लगाया टीका

## महाअभियान में लोगों में जागरूकता बढ़ी, केंद्रों पर भीड़ से संक्रमण का खतरा

2-7-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान में लोगों को टीका लगाने के लिए प्रेरित करने के बाद अब अब टीके कम पड़ने लगे हैं। गुरुवार को जिले में लगभग सभी केंद्रों पर तय लक्ष्य के मान से टीकाकरण दोपहर में ही पूरा हो गया। शहर में सभी 30 केंद्रों पर भीड़ लगी रही, कुछ जगह विवाद भी हुए। जिले में 37211 लोगों को गुरुवार को टीका लगाया गया।

मालूम हो कि अब सप्ताह में दो बार टीकाकरण किए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके चलते केंद्रों पर भीड़ बढ़ रही है। गुरुवार सुबह करीब पांच बजे से ही कालिका माता मंदिर, बोधि स्कूल डोंगरे नगर सहित अन्य कुछ केंद्रों पर लोग पहुंच गए।

डीआरएम आफिस केंद्र पर लंबी कतार में परेशान लोग व्यवस्था में सुधार की मांग करते रहे। अब अगला वैक्सीनेशन सत्र 5 जुलाई को होगा।

21 जून से अभी तक 126599 लोगों को टीका लगाया गया है। इसमें 97922 लोग 18 वर्ष से अधिक जबकि 28654 की उम्र 45 वर्ष से अधिक है। टीकाकरण अभियान में अभी तक 325192 लोगों को पहला व 47186 को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। कुल 1117893 लोगों को टीके लगाना है।

सीएमएचओ ने बताया कि जिले में अब तक कुल 382378 कोविड वैक्सीन लगाए जा चुके हैं।

**शनिवार को कहीं भी नहीं लगेगी पहली डोज:** जिले में शुक्रवार को कोविड वैक्सीनेशन नहीं किया जाएगा। शनिवार को कोवैक्सीन व कोविशील्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा।



रतलाम के लोकेंद्र टाकीज परिसर में टीका लगवाने के लिए उमड़ी भीड़। • नईदुनिया



रतलाम के रेलवे आफिसर्स क्लब में टीका लगवाने के लिए उमड़ी भीड़। • नईदुनिया

## शत-प्रतिशत टीकाकरण वाली पहली नगर परिषद बनी पिपलौदा

रतलाम। कोविड-वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत जिले के पिपलौदा नगर में मतदाता सूची अनुसार चिन्हित सभी पात्र व्यक्तियों को टीके का प्रथम डोज लग चुका है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा टीम पिपलौदा को बधाई दी गई है। एसडीएम राहुल धोटे के नेतृत्व में तहसीलदार किरण बरवड़े, नगर पालिका अधिकारी आरती गरवाल, ब्लाक मेडिकल आफिसर डा. योगेंद्रसिंह गामड़ सहित अन्य अमला लगातार लोगों को टीके लगवाने के लिए लगा रहा। अनुविभागीय अधिकारी धोटे ने बताया कि एक जुलाई तक नगर के पात्र सभी 5783 लोगों को प्रथम डोज लगाया जा चुका है।

**स्वास्थ्य विभाग व नप अमले का स्वागत किया:** एक जुलाई डाक्टर्स डे पर डाइट परिसर में डाक्टरों व टीकाकरण टीम के सभी सदस्यों का पुष्पहार से स्वागत कर सराहना की गई। इस दौरान बीडीओ पिपलौदा अंकिता अलावा, डा. विनय धाकड़, उपयंत्री भूपेश पारू, लेखापाल भीमसेन लहरी, पटवारी रमेश रैदास, अखिल दुडवे, टीकाकरण टीम के सदस्य कंवरलाल पाटीदार, ललिता कारपेंटर, सफीक सैयद, नीता देवड़ा, संगीता आर्य, नगर परिषद कर्मचारी शैलेंद्र शर्मा, शंकरलाल यादव, मनोहरपुरी गोस्वामी, यशवंत पर्वत गोस्वामी, राजू चौहान, भेरूलाल धनगर, मांगीलाल चौहान, ललितपुरी गोस्वामी, वार्ड क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रफुल जैन, अभिषेक जैन, रत्नागेश्वर चौहान, राधेश्याम गुजराती आदि उपस्थित थे।

नई दुनिया
2-7-2021

3

निगम आयुक्त ने कारोबारियों के साथ की बैठक

# जिन दुकान में सीमित ग्राहक उनको मिलेगा पुरस्कार

पत्रिका सोशल प्राइड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 2-7-21



रतलाम. कोरोना वायरस के बाद हुए अनलॉक में अब कारोबार धीरे धीरे फिर से गति पकड़ने लगा है। ऐसे में अनलॉक में सभी सुरक्षित रहे इसके लिए व्यापारिक प्रतिष्ठान व दुकानदारों की बैठक नगर निगम आयुक्त ने ली है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशो के बाद कोविड अनुकूल व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने व्यापारिक संघों, प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा दुकानदारों की बैठक निगम सभागृह में लेकर कहा कोविड अनुकूल व्यवहार स्वंय भी करें व ग्राहकों की तरफ से भी हो। जिस दुकानदार के यहां पर कोरोना के नियम का पालन पाया जाएगा उसको नगर निगम द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा, जबकि जो नियम तोड़ता पाया गया, उसको दंड मिलेगा।

आयोजित बैठक में बताया कि कोविड-19 की दूसरी लहर के बाद विगत दिनों में कोविड-19 के प्रकरणों के प्रकरणों में कमी आई है। इसके परिप्रेक्ष्य में नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से कोरोना कर्फ्यू हटाने की कार्यवाही की जा रही है। कोविड-19 का प्रकोप पुनः महामारी के रूप में ना फैलें इसके लिये सभी नागरिकों से कोविड अनुकूल व्यवहार अपेक्षित है। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि रतलाम नगर में सभी की भागीदारी से कोरोना कन्ट्रोल में है, कोविड-19 का प्रकोप पुनः महामारी के रूप में ना फैलें इसके लिए सभी व्यापारिक संघ, व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा दुकानदार कोविड अनुकूल व्यवहार स्वंय भी करें व ग्राहकों को भी कराए।

## दुकानों में सीमित हो संख्या


आयुक्त ने आव्हान किया कि दुकानों में प्रवेश के लिए ग्राहकों की सीमित संख्या रखें, बिना मास्क के प्रवेश वर्जित करें, कूपन सिस्टम लागू करें, सोश्यल डिस्टेंसिंग का पालन करें, भोजन, नाश्ता, दूध, मिठाई आदि की होम डिलीवरी करें। सघन बाजारों में सीमित संख्या में प्रवेश का पर्यवेक्षण व्यापारिक संघों की तरफ से हो। बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि कोविड अनुकूल व्यवहार करने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानदारों को पुरुस्कृत किया जायेगा व कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जायेगी।

## यह रहे उपस्थित

बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, निगम सचिव जसवंत जोशी, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, दुकानदार व व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिक कमल कटारिया, सुरेन्द्र चत्तर, राजेश पटवा, जितेन्द्र देवानी, मोहनलाल मुरलीवाला, संजय पारख भगवानदास आदि उपस्थित थे।

प/निगम 2-7-2021

# कोविड का प्रकोप पुन: न फैले इस हेतु व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालकों की निगम आयुक्त ने ली बैठक



रतलाम ● स्वदेश समाचार 2-7-21

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कोविड अनुकूल व्यवहार को प्रोत्साहित किए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने व्यापारिक संघों, प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा दुकानदारों की बैठक निगम सभागृह में लेकर आव्हान किया कि कोविड अनुकूल व्यवहार स्वयं भी करें व ग्राहकों को भी कराए। कोविड की दूसरी लहर के पश्चात् विगत दिनों में कोविड के प्रकरणों में कमी आई है। इसके परिप्रेक्ष्य में नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से कोरोना कर्फ्यू हटाने की कार्यवाई की जा रही है।

निगम आयुक्त ने बताया कि नगर में सभी की भागीदारी से कोरोना कंट्रोल में है, कोविड का प्रकोप पुनः महामारी के रूप में ना फैलें इस हेतु सभी व्यापारिक संघ, व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा दुकानदार कोविड अनुकूल व्यवहार स्वयं भी करें व ग्राहकों को भी कराए। उन्होंने आह्वान किया कि दुकानों में प्रवेश के लिए ग्राहकों की सीमित संख्या रखें, बिना मास्क के प्रवेश वर्जित करें, कूपन सिस्टम लागू करें, शारीरिक दूरी का पालन करें, भोजन, नाश्ता, दूध, मिठाई आदि की होम डिलीवरी करें। सघन बाजारों में सीमित संख्या में प्रवेश का पर्यवेक्षण व्यापारिक संघों द्वारा स्वयं किया जाए।

कोविड अनुकूल व्यवहार करने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानदारों को पुरस्कृत किया जायेगा व कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, निगम सचिव जसवंत जोशी, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, दुकानदार व व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिक कमल कटारिया, सुरेन्द्र चत्तर, राजेश पटवा, जितेन्द्र देवानी, मोहनलाल मुरलीवाला, संजय पारख भगवानदास आदि उपस्थित थे।

2-7-2021

# सवा साल में सर्वाधिक घातक रहे 2021 के अप्रैल-मई माह

## कोरोना काल : जून से फिर स्थिति धीरे-धीरे होने लगी सामान्य, लेकिन नियमों का पालन जरूरी

2-7-21

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** कोरोना काल के सवा साल में 2021 के अप्रैल-मई माह सर्वाधिक घातक रहे हैं। कोरोना संक्रमण की दूसरी भयावह लहर ने कई परिवारों को हताहत किया है। जून माह की शुरुआत से बेकाबू कोरोना व्यवस्थाओं में बदलाव/सुधार से धीरे-धीरे काबू में आ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि स्थिति काबू में है, लेकिन अभी कोरोना खत्म नहीं हुआ है।

टीकाकरण के बाद भी कोविड-19 नियमों का पालन जरूरी है। उल्लेखनीय है कि शहर में कोरोना का पहला मरीज 11 अप्रैल 2020 को मिला था। मोचीपुरा निवासी जूता व्यापारी के पाजिटिव आते ही हड़कंप मच गया था।

तावड़तोड़ मरीज को पहले मेडिकल कालेज फिर उज्जैन रैफर किया गया था। इसके पहले चार अप्रैल 2020 को इंदौर में रतलाम के हाट रोड निवासी एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक का शव रतलाम लाकर जनाजा निकालते हुए शव दफनाया गया था। बाद में मृतक के कोरोना पाजिटिव होने की बात सामने आई तो लोहार रोड क्षेत्र में करीब तीन किमी हिस्से को कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया था। आवाजाही बंद कर कंटेनमेंट क्षेत्रों में जरूरी चीजों की सप्लाई नगर निगम के माध्यम से कराई गई थी।



जिले में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। सभी पात्र लोगों को टीका लगाना चाहिए। बचाव के लिए टीका ही सबसे बड़ा हथियार है। टीका लगवाने के बाद भी कोविड-19 नियमों के तहत मास्क लगाना और शारीरिक दूरी का पालन करना जरूरी है। लापरवाही तीसरी लहर के रूप में भारी पड़ सकती है। - डा. गौरव बोरीवाल, जिला महामारी नियंत्रक

### अप्रैल 2020 से अब तक की स्थिति पर नजर

| माह | पाजिटिव मिले | मौत |
|---|---|---|
| अप्रैल | 14 | 00 |
| मई | 23 | 01 |
| जून | 221 | 05 |
| जुलाई | 241 | 03 |
| अगस्त | 555 | 10 |
| सितंबर | 898 | 20 |
| अक्टूबर | 427 | 19 |
| नवंबर | 1017 | 12 |
| दिसंबर | 786 | 08 |
| जनवरी | 258 | 02 |
| फरवरी | 96 | 02 |
| मार्च | 1098 | 10 |
| अप्रैल | 5283 | 102 |
| मई | 6490 | 111 |
| जून | 181 | 06 |

**अप्रैल-मई में लगा था मौतों का शतक:** वर्ष 2021 के अप्रैल और मई माह जिलेवासियों के लिए बेहद खतरनाक रहे। इन दोनों माह में प्रतिदिन मिलने वाले नए संक्रमितों की संख्या 300 के पार पहुंचकर 400 के करीब आ गई थी। अप्रैल में जहां 5283 नए संक्रमित मिले थे, वहीं 102 लोगों की मौत हुई थी। मई में जहां 6490 नए संक्रमित सामने आए थे, वहीं 111 लोगों की मौत हुई थी।

सरकार और निजी अस्पतालों में मरीजों को बेड नहीं मिल रहे थे। उपचार के अभाव में मरीज सड़कों और अस्पताल परिसर में दम तोड़ रहे थे। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासियों की चिंता बढ़ गई थी। इसके बाद लगातार व्यवस्थाओं में सुधार और बदलाव किया गया। जगह-जगह कोविड केयर सेंटर खोले गए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरती गई। इससे स्थिति में सुधार आया और अब जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं।

### जुलाई के पहले दिन एक नए पाजिटिव मिले और 18 डिस्चार्ज

जिले में गुरुवार को एक नया पाजिटिव केस सामने आया। 18 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 25 है। जिले में अब तक 17483 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17147 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

नई दुनिया

2-7-2021

(1)

# रतलाम पत्रिका

### एक ही दिन में 8 को दिया अलग-अलग दंड

## नगर निगम आयुक्त वार्ड में पहुंचे तो कर्मचारी ही नहीं मिले



रतलाम. निगम आयुक्त वार्डों में पहुंचे तो कर्मचारी नहीं मिले। इसके बाद आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, झोन प्रभारी मोनिका चौहान को कड़ी फटकार लगाई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सुबह वार्ड क्रमांक 8, 9, 10 व 11, खिरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन व जुलवानिया ट्रैंचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण किया। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास के साथ कर लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 8, 9, 10, 11 व 12 में पदस्थ सफाई संरक्षक कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह की वेतन वृद्धि रोके जाने, झोन प्रभारी विनय चौहान, वार्ड 8 व 9 की दरोगा मोनिका चौहान, वार्ड 11 के दरोगा तरूण राठौड़ की परीविक्षा अवधि 6 माह बढ़ाये जाने, वार्ड 12 के दरोगा अर्जुन गौसर का 1 दिवस का वेतन काटे जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। वार्ड 10 का हाजरी रजिस्टर चेक करने पर 1 कर्मचारी को बिना आवेदन अवकाश देने पर दरोगा राजू कल्याणे व संबंधित का एक-एक दिवस का वेतन काटे जाने का सूचना पत्र जारी करने को कहा है। आयुक्त ने जुलवानिया ट्रैंचिंग ग्राउण्ड का भी निरीक्षण किया।

पत्रिका 2-7-2021

# निगम आयुक्त द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण


## सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही प्रारंभ

प्रशासन न्यूज़ * रतलाम

2-7-21

नगर की सफाई व्यवस्था को ओर अधिक चुस्त-दुरस्त बनाये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रातः वार्ड क्रमांक 8, 9, 10 व 11, खिरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन व जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास के साथ कर सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 8, 9, 10, 11 व 12 में पदस्थ सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह की वेतन वृद्धि रोके जाने, झोन प्रभारी विनय चौहान, वार्ड क्रमांक 8 व 9 की दरोगा मोनिका चौहान, वार्ड क्रमांक 11 के दरोगा



श्री तरूण राठौड़ की परीविक्षा अवधि 6 माह बढ़ाए जाने, वार्ड क्रमांक 12 के दरोगा अर्जुन गौसर का 1 दिवस का वेतन काटे जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 10 का हाजरी रजिस्टर चैक करने पर 1 कर्मचारी को बिना आवेदन अवकाश देने पर वार्ड दरोगा राजू कल्याणे व संबंधित कर्मचारी का एक-एक दिवस का वेतन काटे जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

खिरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि किसी भी कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा नहीं आए, इसकी सुनिश्चितता की जाए, साथ ही एक काम्पेटर में गीला व एक काम्पेटर में सुखा कचरा डाले जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का भी निरीक्षण